दिनांक-20.07.2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई के टीकाकरण केंद्रों में एक दिन में ही 6893 लोगों ने लगवाया कोविड का टीका -कोरोनावायरस के संक्रमण का खात्मा करने टीकाकरण के लिए भिलाई वासियों में अभूतपूर्व उत्साह बरकरार

- वैक्सीन की उपलब्धता नहीं होने के कारण 21 जुलाई दिन बुधवार को भिलाई में नहीं होगा टीकाकरण

भिलाईनगर / कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कोविड का टीका लगाने लोग अपने क्षेत्र के नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे है। अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है , पिछले कुछ वक्त से अभियान स्वरूप अधिक से अधिक लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। आज भी वैक्सीनेशन के लिए केंद्र स्थापित किए गए जहां टीकाकरण का कार्य किया गया, परंतु वैक्सीन की उपलब्धता नहीं होने के कारण दिनांक 21 जुलाई दिन बुधवार को वैक्सीनेशन सेंटर बंद रहेंगे! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में भिलाई में वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है , जहां लोग स्वफूर्त टीका लगाकर संक्रमण की रोकथाम में अपनी सहभागिता दे रहे है। टीकाकरण के लिए सोमवार को जब शेड्यूल जारी किया गया था उसी दिन 6893 लोगों ने टीकाकरण में हिस्सा लिया! 45 वर्ष उम्र से अधिक के व्यक्तियों ने रुचि दिखाते हुए ज्यादा से ज्यादा टीका लगवाया और सोमवार को 4117 ने अपना टीकाकरण करवाया वहीं 18 से 44 वर्ष के 2776 व्यक्तियों ने कोविड का टीका लगवाया! निगम क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का जोन आयुक्त लगातार निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। 18 से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जितना अधिक टीकाकरण होगा उतना ही जल्दी कोरोना के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के लिए अब तक कई सारे केन्द्र बनाए जा चुके है,!

जनसम्पर्क अधिकारी